राजस्थान सरकार

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी एंव पदेन सहायक कलक्टर, खेतड़ी जिला झुन्झुनू (राज.)

प्रकरण संख्याः– 01 / 2025 पीठासीन अधिकारी – मुकेश चौधरी, आर.ए.एस.

किस्म प्रार्थना पत्र :– अन्तर्गत धारा 131, 132 एल.आर.एक्ट बाबत रास्ता कायमी

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार, खेतड़ी

बनाम

चिड़िया पुत्री रामजीलाल व अन्य

–: आदेश :–

निर्णय दिनांक :– 17–06–2025

प्रकरण अन्तर्गत राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 131,132 व राजस्थान भू–राजस्व नियम, 1957 के नियम 58,59,60,66 व 86 के प्रावधानों के तहत तहसीलदार खेतड़ी ने अपने पत्र क्रमांकः राजस्व / 2025 / 300 दिनांक 21.05.2025 को प्रस्तुत करने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को नोटिस जारी किये गये। अप्रार्थीगण / प्रभावित खातेदारान द्वारा राजीनामा / सहमति मय शपथ पत्र प्रस्तुत किया। शेष अप्रार्थीगण / खातेदारान को नोटिस जारी कर सुनवाई का पर्याप्त अवसर प्रदान किया गया। लेकिन इनकी ओर से कोई जवाब प्रार्थना पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया।

तत्पश्चात् प्रकरण में विवादित भूमि का मौका निरीक्षण किया गया, मौके पर प्रस्तावानुसार रास्ता चालू पाया गया। तहसीलदार, खेतड़ी को सुना गया। मैंने पत्रावली का ध्यानपूर्वक अवलोकन एवं मनन किया। पत्रावली पर प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार रास्ता मौके पर चालु है, परन्तु राजस्व अभिलेख एंव राजस्व नक्शे में उक्त रास्ते का अंकन नहीं है, को निम्नलिखित रूप से संलग्न प्रस्ताव (प्रदर्श–''अ'') व नक्शा ट्रेस (प्रदर्श–''ब'') में अकिंत खातेदारी भूमि में से प्रस्तावित रास्ते को राजस्व रिकार्ड में किस्म ''गैर मुमकिन रास्ते'' के रूप में दर्ज करने का आदेश दिया जाता है। प्रस्तुत प्रस्ताव व नक्शा ट्रेस (प्रदर्श–''अ'' व ''ब'') इस आदेश का अभिन्न अंग रहेंगे। तदनुसार तहसीदार खेतड़ी को राजस्व अभिलेख में अमल दरामद किये जाने के आदेश दिये जाते हैं। जमाबन्दी से पृथक से खसरा नम्बर दिया जाएगा व रास्ते के रकबे सहित किस्म गैर मुमकिन रास्ता दर्ज की जावेगी। गैर मुमकिन रास्ते की भूमि खातेदारो के खाते में ही रहेगी।

क्र.स.	नाम राजस्व ग्राम	पटवार मण्डल	तहसीलदार खेतड़ी की रिपोर्ट व नक्शा ट्रेस के मुताबिक रास्ते के उपयोग में आने वाली भूमि के खसरा नम्बर का विवरण
01	दूधवा	दूधवानांगलिया	614, 3435 / 613, 613, 3642 / 663, 3641 / 663, 670

17-06-2025

(मुकेश चौधरी)
उपखण्ड अधिकारी एंव
पदेन सहायक कलक्टर, खेतड़ी

उपखण्ड अधिकारी
एवं पदेन सहायक कलक्टर
खेतड़ी, जिला झुन्झुनूं

दिनांक: 17–06–2025

क्रमांक / राजस्व / 2025 / 156

प्रतिलिपिः– तहसीदार खेतड़ी को राजस्व अभिलेख में अमल दरामद हेतु प्रेषित है।

Signature Not Verified

Digitally signed by Mukesh Choudhary
Date: 2025.07.08 17:06:33 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी एंव
पदेन सहायक कलक्टर, खेतड़ी

उपखण्ड अधिकारी
एवं पदेन सहायक कलक्टर
खेतड़ी, जिला झुन्झुनूं